# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

*ई मेल : academic@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359400*

क्र. 1797 /अका./का.प./2019 दुर्ग, दिनांक : 21/10/19

## विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की नियमित बैठक बुधवार, दिनांक 16.10.2019 समय दोपहर 03:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :-

**डॉ अरूणा पल्टा, कुलपति – अध्यक्ष**

1. श्री अरूण वोरा – सदस्य
2. श्री विद्यारतन भसीन – सदस्य
3. श्री आशीष कुमार छाबड़ा – सदस्य
4. श्रीमती ममता चंद्राकर – सदस्य
5. डॉ. एम. ए. सिद्धिकी – सदस्य
6. डॉ. डी.सी.अग्रवाल – सदस्य
7. डॉ. देबाशीष डे – सदस्य
8. डॉ. हंसा शुक्ला – सदस्य
9. डॉ. रक्षा सिंह – सदस्य
10. डॉ. आर. एन. सिंह – सदस्य
11. डॉ. महेशचन्द्र शर्मा – सदस्य
12. श्री सुशील गजभिये – सदस्य
13. श्री अशोक लोहिया – सदस्य

**डॉ. सी. एल. देवांगन, कुलसचिव – सचिव**

**कार्यपरिषद की दिनांक 16.10.2019 की बैठक का कार्यवृत्त :-**

**विषय क्रमांक 01.**

कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 24/07/2019 में लिए गये निर्णयों की पुष्टि करना।

**निर्णय**

कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 24/07/2019 में लिए गये निर्णयों की पुष्टि की गई।

**विषय क्रमांक 02.**

कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 24/07/2019 में लिए गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।

**निर्णय**

कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 24/07/2019 में लिए गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया।

**विषय क्रमांक 03.**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 14/08/2019 में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन करना।

**निर्णय**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 14/08/2019 में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

विकास विभाग से संबंधित प्रस्ताव :–

विषय क्रमांक 04.

विश्वविद्यालय की सत्र 2018–19 की परीक्षाओं हेतु मुख्य उत्तर पुस्तिका निर्माण की कुल देयक राशि रू. 1,26,75,000/– (अक्षरी रूपये एक करोड़ छब्बीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा मुख्य उत्तर पुस्तिका निर्माण की कुल देयक राशि रू. 1,26,75,000/– (अक्षरी रूपये एक करोड़ छब्बीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक 05.

विश्वविद्यालय की सत्र 2018–19 की परीक्षाओं हेतु पूरक उत्तर पुस्तिका निर्माण की कुल देयक राशि रू. 25,00,000/– के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा पूरक उत्तर पुस्तिका निर्माण की कुल देयक राशि रू. 25,00,000/– (अक्षरी रूपये पच्चीस लाख मात्र) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

**वित्त विभाग से संबंधित प्रस्ताव :–**

**विषय क्रमांक 06.**

विश्वविद्यालय के विभिन्न मद से सावधि जमा (एफ.डी.आर.) विनियोजन के संदर्भ में माननीय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 27.03.2019 में पारित निर्णय क्र. 41 में संशोधन बाबत।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार पारित निर्णय क्र. 41 में संशोधन का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 07.**

परीक्षा फीस में सम्मिलित ग्रंथालय शुल्क राशि रू. 30/– प्रति छात्र को परीक्षा मद से ग्रंथालय मद में स्थानांतरण कर सावधि विनियोजन करने का अनुमोदन।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार परीक्षा मद से ग्रंथालय मद में स्थानांतरण कर सावधि विनियोजन करने का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 08.**

परीक्षा फीस में सम्मिलित शारीरिक कल्याण शुल्क राशि रू. 50/– प्रति छात्र को परीक्षा मद से शारीरिक कल्याण मद में स्थानांतरण कर सावधि विनियोजन करने का अनुमोदन।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार परीक्षा मद से शारीरिक कल्याण मद में स्थानांतरण कर सावधि विनियोजन करने का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 09.

शारीरिक कल्याण मद से शारीरिक शिक्षा मद में स्थानांतरण किये गए राशि रू 20.00 लाख का अनुमोदन।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा शारीरिक कल्याण मद से शारीरिक शिक्षा मद में स्थानांतरण किये गए राशि रू 20.00 लाख का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 10.

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस कार्यक्रम हेतु सामान्य मद से राष्ट्रीय सेवा योजना को प्रदत्त अग्रिम राशि रू. 34,000.00 (अक्षरी रूपये चौतीस हजार मात्र) का अनुमोदन।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस कार्यक्रम हेतु सामान्य मद से राष्ट्रीय सेवा योजना को प्रदत्त अग्रिम राशि रू. 34,000.00 (अक्षरी रूपये चौतीस हजार मात्र) का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 11.

सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय तथा अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम के सदस्यों, प्रशिक्षकों तथा मैनेजरों को प्रदान की जाने वाली पुरस्कार राशि रू. 6,76,000.00 (अक्षरी रूपये छः लाख छिहत्तर हजार मात्र) के भुगतान का अनुमोदन।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा पुरस्कार राशि रू. 6,76,000.00 (अक्षरी रूपये छः लाख छिहत्तर हजार मात्र) के भुगतान का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 12.

माह जुलाई 2017 से जुलाई 2019 अवधि तक का EPF एवं ESIC की अधिभार राशि रू. 62,075/–(अक्षरी रूपये बैसठ हजार पचहत्तर मात्र) भुगतान का कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा माह जुलाई 2017 से जुलाई 2019 अवधि तक का EPF एवं ESIC की अधिभार राशि रू. 62,075/– (अक्षरी रूपये बैसठ हजार पचहत्तर मात्र) के भुगतान का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 13.

विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को पुनरीक्षित मंहगाई भत्ता भुगतान के संबंध में सूचनार्थ।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

अकादमिक विभाग से संबंधित प्रस्तावः—

विषय क्रमांक 14.

नवीन विषय फाईन आर्ट मूर्तिकला प्रांरभ करने हेतु नृत्य चित्रकला एवं संगीत अध्ययन मंडल में मूर्तिकला के विषय विशेषज्ञ को शामिल कर पाठ्यक्रम का निर्धारण कराया गया जिसका स्थायी समिति द्वारा अनुमोदन किया गया तथा अध्यादेश क्रमांक 03 एवं 11 तथा परिनियम 10 में बी.ए. में कला संकाय के अंतर्गत मूर्तिकला को शामिल करने एवं पाठ्यक्रम को लागू करने पर विचार करना (पाठ्यक्रम संलग्न)।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा पाठ्यक्रम को लागू करने एवं आगामी प्रक्रिया करने हेतु अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 15.

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, ठाकुरटोला, जिला — राजनांदगांव (छ.ग.) के लिए परिनियम — 28 के अंतर्गत प्राचार्य की नियुक्ति के अनुमोदन पर विचार करना (बंद लिफाफा संलग्न)।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य पद हेतु डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के नाम का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 16.

आर्यवर्त शिक्षा महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई, जिला—दुर्ग में शासी निकाय में नामित एक सदस्य के परिवर्तन पर विचार करना (संक्षेपिका संलग्न)।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा महाविद्यालय के शासी निकाय के एक सदस्य हेतु डॉ. महेशचंद शर्मा (प्राचार्य), दानवीर तुलाराम शासकीय महाविद्यालय, उतई, जिला — दुर्ग के नाम का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 17.

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में भूगोल एवं माइक्रोबायोलॉजी विषय में शोध केन्द्र की मान्यता प्रदान करने पर विचार करना (संक्षेपिका संलग्न)।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में भूगोल एवं माइक्रोबायोलॉजी विषय में शोध केन्द्र की मान्यता प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।

स्थापना विभाग से संबंधित प्रस्ताव :–

विषय क्रमांक 18.

छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा जारी समयमान वेतन संबंधी प्रावधानों को विश्वविद्यालय में लागू/अंगीकृत किए जाने हेतु अनुमोदन पर विचार करना (संक्षेपिका संलग्न)।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा जारी समयमान वेतन संबंधी प्रावधानों को विश्वविद्यालय में लागू/अंगीकृत किए जाने अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 19.

माननीय कुलपति महोदया के पदभार ग्रहण की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 20.

श्री अलख राम गंजीर तथा श्री गोविंद लाल नामदेव की निश्चित मानदेय पर नियुक्ति की अवधि तीन माह किये जाने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 21.

श्री एच. एस. बघेल, सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक की निश्चित मानदेय पर तीन माह हेतु नियुक्ति की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 22.

श्री गोविंद लाल नामदेव की मानदेय पर नियुक्ति की अवधि में तीन माह की वृद्धि विषयक।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा श्री गोविंद लाल नामदेव की मानदेय पर नियुक्ति की अवधि में तीन माह की वृद्धि का अनुमोदन किया गया।

गोपनीय विभाग से संबंधित प्रस्ताव :–

**विषय क्रमांक 23.**

इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, पण्डरिया, जिला–कबीरधाम को पूरक परीक्षा 2019 हेतु परीक्षा केन्द्र बनाये जाने का अनुमोदन करना।

**निर्णय**

कार्यपरिषद द्वारा इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, पण्डरिया, जिला–कबीरधाम को पूरक परीक्षा 2019 हेतु परीक्षा केन्द्र बनाये जाने का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 24.**

ATKT प्राप्त परीक्षार्थियों की सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के संबंध में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में लागू संशोधित विनियम क्रमांक – 149 (Under the Ordinance 170) को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में अंगीकृत किये जाने के अनुमोदन पर विचार करना (संक्षेपिका संलग्न)।

**निर्णय**

कार्यपरिषद द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में लागू संशोधित विनियम क्रमांक – 149 (Under the Ordinance 170) को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में अंगीकृत किये जाने का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 25.**

बी.ए./बी.एससी. बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन पत्र भराए जाने की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय**

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 26.**

बी.ए./बी.एससी. बी.एड. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों हेतु मुख्य परीक्षा 2019 की समय सारणी जारी किए जाने की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय**

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 27.**

बी.ए./बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों हेतु मुख्य परीक्षा 2019 की समय सारणी जारी किए जाने की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय**

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 28.

पूरक परीक्षा 2019 हेतु परीक्षा केन्द्र अधिसूचित किए जाने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 29.

पूरक परीक्षा 2019 हेतु ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 30.

सत्र 2019 – 20 हेतु नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु नामांकन फार्म ऑनलाईन पद्धति से भराए जाने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 31.

पूरक परीक्षा 2019 हेतु समय–सारणी जारी किए जाने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक 32.

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।**

विषय क्रमांक 01.

मेसर्स लर्निंग स्पायरल प्राईवेट लिमिटेड के Tax Invoice Bill की देयक राशि 30,02,902.50/– के भुगतान अनुमोदन के संबंध में विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा मेसर्स लर्निंग स्पायरल प्राईवेट लिमिटेड के Tax Invoice Bill की कुल देयक राशि 30,02,902.50/– (अक्षरी तीस लाख दो हजार नौ सौ दो रूपये पचास पैसे मात्र) के भुगतान का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 02.

विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया को गोपनीय कार्य में सम्मिलित किये जाने पर विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया को गोपनीय कार्य में सम्मिलित किये जाने अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 03.

विश्वविद्यालय की क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 15.10.2019 में लिए गए निर्णयों की पुष्टि करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 15.10.2019 में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई।

विषय क्रमांक 04.

विश्वविद्यालय के लिए आबंटित भूमि पोटिया कला, दुर्ग में भवन निर्माण के संबंध में विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय के लिए आबंटित भूमि के संबंध में कुलपति महोदया को आगामी कार्यवाही हेतु अधिकृत किया गया।

विषय क्रमांक 05.

स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत भाषा के परीक्षार्थियों को परीक्षा में संस्कृत भाषा में ही उत्तर देने की अनिवार्यतः को शिथिल कर हिन्दी भाषा में उत्तर देने के विकल्प पर विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत भाषा के परीक्षार्थियों को परीक्षा में संस्कृत भाषा में ही उत्तर देने की अनिवार्यतः को शिथिल कर हिन्दी भाषा में उत्तर देने के विकल्प पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

विषय क्रमांक 06.

छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 (सातवां वेतनमान) के प्रावधानानुसार कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन निर्धारण पर विचार करना।

निर्णय

कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार इस विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमान दिए जाने पर समस्त सदस्यों ने सिद्धांततः सहमति व्यक्त की तथा पुनरीक्षित वेतनमान दिए जाने के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य शासन के आदेश एवं संबंधित वित्त निर्देश में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन किए जाने का निर्णय लिया गया।

**बैठक के अंत में कुलसचिव ने अध्यक्ष एवं उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।**

**कुलपति**
(अध्यक्ष)

**कुलसचिव**
(सचिव)

पृ.क्र. 1798 /अका./का.प./2019 — दुर्ग, दिनांक : 21/10/19

प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. कार्यपरिषद के समस्त सम्माननीय सदस्यों को।
3. समस्त विभागीय अधिकारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त बैठक में लिए गये उनके विभाग से संबंधित निर्णयों का पालन तत्काल अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित कर 10 दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन से अवगत कराएं एवं प्रतिलिपि अकादमिक शाखा में उपलब्ध करायें।
4. कुलपति के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**कुलसचिव**